कौन जगेगा सारी रात माँ के जगराते में

कौन जगेगा सारी रात माँ के जगराते में,
माँ के जगराते में माँ के जगराते में.....

माँ जगराते में भोले भी आये,
गौरा माँ को संग में लाये,
हाँ डमरू बजेगा सारी रात माँ के जगराते में,
कौन जगेगा सारी रात माँ के जगराते में..........

माँ जगराते में विष्णु भी आये,
लक्ष्मी माँ को संग में लाये,
माया बरसेगी सारी रात माँ के जगराते में,
कौन जगेगा सारी रात माँ के जगराते में..........

माँ जगराते में राम भी आये,
सीता माँ को संग में लाये,
वहां पायल बजेगी सारी रात माँ के जगराते में,
कौन जगेगा सारी रात माँ के जगराते में..........

माँ जगराते में कृष्णा आवे,
राधा रानी को संग में लाये,
हाँ मुरली बजेगी सारी रात माँ के जगराते में,
कौन जगेगा सारी रात माँ के जगराते में..........

माँ जगराते में सतगुरु जी आये,
सारी संगत संग में लाये,
ज्ञान बढेगा सारी रात माँ के जगराते में,
कौन जगेगा सारी रात माँ के जगराते में..........

माँ जगराते में संगत आयी,
ढोल मंजीरा संग में लायी,
वहां ताली बजेगी सारी रात माँ के जगराते में,
कौन जगेगा सारी रात माँ के जगराते में.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31068/title/kaun-jagega-sari-raat-maa-ke-jagrate-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |